प्रधानमंत्री- इस्राएल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस्राएल के दो दिन के दौर पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्राएल की संसद क्नेसेट को संबोधित किया। इस्राएल की संसद को संबोधित करने वाले श्री नरेन्द्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत मजबूती और विश्वास से इस्राएल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद कहीं भी हो, हर जगह वह शांति के लिए खतरा है और इस खतरे से लड़ने के लिए उन्होंने भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाया। श्री मोदी के भाषण की क्नेसेट के सांसदों ने कई बार प्रशंसा की। श्री मोदी ने भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि पर भी ज़ोर दिया और कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री- प्रवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजस्थान के भीलवाड़ा प्रवास पर हैं। यहाँ उन्होंने हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आयोजित 'सनातन मंगल महोत्सव एवं संत समागम' में सहभागिता की। इस भव्य आयोजन में देशभर से जुटे पूज्य संतों का आशीर्वाद लेते हुए मुख्यमंत्री ने सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर अपने विचार साझा किए।

पुण्यतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर ने अपना जीवन देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी का व्यक्तित्व और उपलब्धियां हर पीढ़ी को राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

रेलवे

रेलवे ने होली के त्योहार के दौरान सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है।

इन ट्रेनों में कन्फर्म सीट की व्यवस्था की गई है। इस दिशा में, पूर्वी मध्य रेलवे सबसे ज्यादा होली स्पेशल ट्रेन चलाएगा, जिसकी संख्या 50 है। वहीं, उत्तर रेलवे कुल 48 विशेष ट्रेन चलाएगा और मध्य रेलवे 20 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। पश्चिमी रेलवे ने 32 सेवाएं शुरू की हैं, जबकि दक्षिण–पूर्वी रेलवे 28 सेवाएं चलाएगा। रेल मंत्रालय ने कहा कि होली के दौरान लाखों यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और बिना परेशानी यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ये व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इससे नियमित यात्रियों को भी कम असुविधा होगी। दिलनशी आरज़ू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

रहस मेला

सागर के गढ़ाकोटा में आज से शुरू हो रहा है ऐतिहासिक 'रहस मेला'। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इस मेले का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री एक सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश के लाखों पेंशनभोगियों के खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भी ट्रांसफर करेंगे।

क्रिकेट

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्वकप में सुपर-8 के ग्रुप-1 में आज भारत और ज़िम्बावे का मुकाबला होगा। यह मैच चेन्नई के एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मेजबान भारत को आज और रविवार को वेस्टइंडीज़ के साथ आखरी ग्रुप मैच में जीतना बेहद जरूरी है।

समाचार संक्षेप में

- पन्ना के टाउनलहॉल में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में 27 एवं 28 फरवरी को दो-दिवसीय भव्य "आजीविका होली मेला" का आयोजन किया जायेगा।

- शिवपुरी में भी मप्र ग्रामीण आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा 27 व 28 फरवरी को दो दिवसीय होली मेले का आयोजन किया जाएगा।

- धार जिले में इंदौर दाहोद रेल लाइन परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है। धार महू सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कल निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया।

- झाबुआ में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिए पंजीयन किया जा रहा है। अब तक 2706 किसानों ने पंजीयन करवा लिया है।

- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन 1 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा इंदौर जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।